पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/24-26 प्रकाशित 16.06.2026 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु **खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया,** घन्टाघर, दिल्ली– 110007, **आई. एफ. एस. कोड** SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. **9810117464** पर एस.एम.एस कर दें या **9868051444** पर googlepay कर दें।

–अनिल आर्य

वर्ष-43 अंक-02 आषाढ़-2083 दयानन्दाब्द 202 16 जून से 30 जून 2026 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशित: 16.06.2026, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन

**'संस्कारित युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे –डॉ. अशोक कुमार चौहान** (संस्थापक अध्यक्ष एमिटी शिक्षण संस्थान)

**शिविरों से राष्ट्रभक्त युवाओं का निर्माण होगा –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**






नोएडा, शनिवार, 6 जून 2026, केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में गत 31 मई से एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर–44, नोएडा में चल रहे विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन हो गया। शिविर में 225 बच्चों ने वैदिक संस्कृति की जानकारी, लाठी, डंबल, लेजियम दंड बैठक, योगासन, आत्मरक्षा आदि प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेंद्र भाई ने यज्ञ करवा कर बच्चों को यज्ञोपवीत धारण कराया और माता–पिता की सेवा का संकल्प करवाया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार चौहान संस्थापक अध्यक्ष एमिटी एजुकेशन ग्रुप ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का आरम्भ किया ओर कहा कि यह प्रशिक्षित आर्य युवक राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और विश्वपटल पर भारत का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अनिल आर्य के नेतृत्व में आर्य युवक परिषद निरंतर युवाओं का चरित्र

(शेष पृष्ठ 2 पर)

# करनाल में आर्य युवा चरित्र निर्माण शिविर सम्पन्न

**जागरूक युवा पीढ़ी ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला– रेनू भाटिया**






केंद्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में तथा डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, कैथल रोड के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय कन्या चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया उपस्थित रहीं। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि परिषद द्वारा आयोजित यह आवासीय शिविर अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि बेटियों को चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, आत्मरक्षा तथा राष्ट्र निर्माण के संस्कार प्रदान करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस प्रकार की शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है। रेनू भाटिया ने कहा कि ऐसे शिविर बालिकाओं में आत्मरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने सभी डी.ए.वी. विद्यालयों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की पहचान केवल धन–संपत्ति या ऊंची इमारतों से नहीं होती, बल्कि जागरूक, संस्कारित एवं जिम्मेदार युवा पीढ़ी से होती है। उन्होंने शिविर में छात्राओं की जिज्ञासा, अनुशासन और सीखने की ललक की सराहना करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्व युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं, इसलिए सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिविर से प्राप्त संस्कार और देशभक्ति की भावना छात्राओं को भविष्य में समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि माता–पिता बच्चों के सबसे अच्छे मित्र और मार्गदर्शक होते हैं। बच्चों को अपनी प्रत्येक समस्या एवं विचार अपने माता–पिता के साथ साझा करने चाहिए, क्योंकि माता–पिता ही सदैव अपने बच्चों के हित के बारे में सोचते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि छात्राओं की प्रस्तुतियों में रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरता,

(शेष पृष्ठ 3 पर)





# 8 दिवसीय विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ

**राष्ट्र निर्माण में आर्य युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे –डा. सत्यपाल सिंह (पूर्व केन्द्रीय मंत्री)**

**युवा पीढ़ी को चरित्रवान बनाना आर्य समाज का लक्ष्य –अनिल आर्य**





नोएडा,रविवार, 31 मई 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के 48वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर का भव्य शुभारंभ शिक्षाविद डा. अमिता चौहान व डॉ. अशोक कुमार चौहान के सान्निध्य में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44, नोएडा में सम्पन्न हुआ,शिविर में 225 आर्य युवक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि डा. सत्यपाल सिंह (पूर्व पुलिस कमिश्नर व केन्द्रीय मंत्री) ने दीप प्रज्वालित कर तथा कर्नल करण खर्ब ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारम्भ किया। डा.सत्यपाल ने प्रेरणापद कथानक सुनाते हुए कहा कि आर्य समाज का देश पर बहुत उपकार है जिन्होंने समाज निर्माण का कार्य हाथ में लिया है यह बहुत बड़ी ताकत है यह संस्कार पूरी आयु चलते हैं और ऐसे चरित्र निर्माण के शिविरों से हमारा सर्वांगीण विकास होता है।चरित्रवान युवा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायँगे।आर्य समाज राष्ट्र की नींव मजबूत करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। यहां से सीख कर बच्चे अपने माता–पिता के आज्ञाकारी बनेंगे और उन्हें वृद्ध आश्रम में नहीं पहुंचाएंगे।उन्होंने एक गीत जीवन गुजर गया तो जीने का ढंग आया भी सुनाया। मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान् डा.जयेन्द्र आचार्य (प्राचार्य,आर्ष गुरुकुल नोएडा) ने कहा कि चरित्रवान युवा भारत का भविष्य है।उन्होंने युवाओं को मातृभाषा, मातृभूमि,देश की संस्कृति, माता–पिता और गुरु का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि भावी युवा पीढ़ी चरित्रवान व संस्कारवान बने यही आर्य समाज का लक्ष्य है इन शिविरों से निकले युवा ईश्वर भक्त व राष्ट्र भक्त बनेंगे।परिषद निरंतर युवाओं के निर्माण में संलग्न है। आर्य नेत्री प्रिंसिपल रेनू सिंह, कर्नल कर्ण खरब, महेंद्र भाई ने संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। गायिका पिंकी आर्या,राम कुमार,कमल आर्य ,नरेश चन्द्र एवं प्रवीण आर्य ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए। प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने बताया कि शिविर में 8 दिन तक युवकों को योगासन,दण्ड बैठक, लाठी,जूडो कराटे,आत्म रक्षा व साथ ही संध्या यज्ञ,भारतीय संस्कृति की जानकारी का शिक्षण दिया जायेगा जिससे वह अपनी पुरातन संस्कृति पर गर्व करना सीख सकें। प्रमुख रूप से अनुपम आर्य,देवेन्द्र आर्य, गायत्री मीना,वेद प्रकाश आर्य,यशोवीर आर्य,आस्था आर्य,धर्मपाल आर्य, संगठन मंत्री सौरभ गुप्ता, त्रिलोक शास्त्री,अरुण आर्य,यज्ञवीर चौहान, विनोद शर्मा, मंगल सिंह चौधरी,सुरेश आर्य एवं डा प्रमोद सक्सेना आदि उपस्थित थे। शिविर का समापन शनिवार 6 जून को सुबह 11.00 बजे से होगा।

# आर्य युवा शिविर का चतुर्थ दिवस

**जीवन में सद्गुण धारे –चन्द्रशेखर शास्त्री** **मान अपमान से ऊपर उठकर कार्य करे –अनिल आर्य**





नोएडा, मंगलवार 2 जून 2026 केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर के चौथे दिन वैदिक विद्वान आचार्य चंदशेखर शास्त्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सदगुणों को धारण करें।जब निम्न सात सदगुण सत्य,सरल–सकारात्मकता,संतोष,सहयोग, समय,सेवा और श्रद्धा तो जीवन केवल सफल नहीं रहता, बल्कि संतुलित,सुंदर और सार्थक बन जाता है।उन्होंने आगे कहा की मांस अंडे नशे से बचना चाहिए।दुर्गुण त्याग कर अपने जीवन को आदर्श बनाना चाहिए जिससे अन्य लोग प्रेरणा ले सके। समारोह की अध्यक्षता युवा नेता देवेन्द्र आर्य बंधु ने की उन्होंने युवा शक्ति को आर्य समाज से जुड़ने का आह्वान किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि मान अपमान से ऊपर उठकर कार्य करे। बहादुर कब किसी का आसरा एहसान लेते हैं वही कर गुजरते हैं जो मन में ठान लेते हैं।उन्होंने आगे कहा कि देश का बहुसंख्यक वर्ग आज युवा शक्ति है उसे सही दिशा देने की आवश्यकता है।राष्ट्र की समस्याओं का समाधान युवा ही निकालेंगे।देश की दिशा व दशा युवा ही बदल सकते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री महेन्द्र भाई ने बताया कि शिविर का मूलभूत उद्देश्य शिविरों के माध्यम से बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करना है। उन्होंने आगे कहा कि गायत्री मंत्र के जप से बुद्धि तीव्र होती है,पाठ जल्दी याद होता है,नींद अच्छी आती है।अपना लक्ष्य बड़ा निर्धारित करें और उसे लगन मेहनत से प्राप्त करें। गायिका प्रवीण आर्या पिंकी एवं कमल आर्य के देश भक्ति के गीतों को सुनकर श्रोता झूम उठे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने मंच का कुशल संचालन किया,महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा शिविरार्थिओं को बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को ग्रहण करने का संकल्प कराया। प्रमुख रूप से रमेश योगाचार्य, यज्ञवीर चौहान,अरुण आर्य,संगठन मंत्री सौरभ गुप्ता एवं आस्था आर्या आदि मौजूद रहे।

(पृष्ठ 1 का शेष)

निर्माण कार्य करने में संलग्न है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि ऐसे सुसंस्कारित युवकों के कारण भारत विश्व में महाशक्ति बनेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष एमिटी केंपस के अंदर जिसके वायु मंडल में ही संस्कार हैं, शिविर आयोजित करके यह संस्थान वैदिक ऋचाओं से और सुशोभित हो जाता है। शिविर अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि परिषद राष्ट्रभक्त युवाओं के निर्माण का कार्य और तीव्र गति से चलाएगी। हमारी शिक्षा पद्धति में संस्कारों एवं नैतिक शिक्षा का अभाव दिखता है। जिसे आर्य समाज पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि युवकों के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती एक आदर्श व्यक्तित्व है जिनका पूरा जीवन प्रेरणा और प्रकाश स्तंभ के समान है।उनके जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षाविद्आनन्द चौहान ने कहा कि केंद्रीय आर्य युवक परिषद के अच्छे कार्य को देखकर ही एमिटी इन्टरनेशनल स्कूल्स की चेयरपरसन डॉक्टर अमिता चौहान हर सम्भव सहयोग करती हैं। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। उन्होंने आशा व्यक्त की यह कार्य देश भर में विस्तार करेगा और युवा पीढ़ी संस्कारवान बनेगी। इस अवसर पर शिक्षक सौरभ गुप्ता के निर्देशन में आर्य युवकों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के आकर्षक कार्यक्रम दिखाए गए जो कि समारोह में आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन डॉ.अमिता चौहान ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। प्राचार्या रेणु सिंह ने कहा कि भारत के युवाओं को देखकर पूरी दुनियां ने माना है कि भारत का भविष्य उज्जवल है। आर्य युवा ऋषि दयानंद के नियमों पर चलकर बहुत कार्य कर रहे हैं। मृदुला चौहान ने कहा जो कुछ सीखा है उसे जीवन में उतारना। गायत्री मीना ने कहा राष्ट्र का निर्माण चरित्रवान लोगों से होगा, राम भूल एवं ओम सपड़ा ने भी अपने विचार रखे। प्रमुख रूप से प्रि.मनमोहन चौहान, सुधीर बंसल, सुरेश प्रसाद,राम कुमार आर्य, यशोवीर आर्य,वेद प्रकाश आर्य, अरुण आर्य, यज्ञवीर चौहान, मंगल सिंह, सुभाष शर्मा, आस्था आर्या विद्यमान थे। आचार्य महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सुप्रसिद्ध गायिका पिंकी आर्या, प्रतिभा सपड़ा,धर्म पाल आर्य, कमल आर्य ने मधुर भजन प्रस्तुत किये। सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगिता परिणाम बाल वर्ग–प्रथम पुरस्कार करमजीत (राणा प्रताप बाग), द्वितीय पुरस्कार कपिल (पलवल, हरियाणा),तृतीय पुरस्कार वैदिक प्रताप आर्य (टीला), किशोर वर्ग– प्रथम पुरस्कार सत्यम (गाज़ियाबाद), द्वितीय पुरस्कार हिमांशु (अलीगढ़) तृतीय पुरस्कार प्रेम (अरुण विहार) योगी प्रवीण आर्य ने शन्तिपाठ कराया।ऋषि लंगर के साथ उत्साह पूर्ण वातावरण में शिविर का भव्य समापन समारोह संपन्न हो गया।

# आर्य युवा चरित्र निर्माण का पांचवा दिन

**युवा शक्ति शाली बने –डॉ. गजराज सिंह आर्य** **अपना जीवन आदर्श बनाए –गवेन्द्र शास्त्री**





नोएडा, बुधवार 3 जून 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 44 नोएडा में चल रहे आर्य युवक चरित्र निर्माण शिविर में पांचवें दिन शिक्षाविद डॉ. गजराज सिंह आर्य ने कहा कि युवकों को शिविर में रहकर सब कुछ सीखना चाहिए और घर पर रहकर भी अपना अभ्यास निरंतर बनाए रखना चाहिए आने वाला समय संघर्ष का समय है जो शक्तिशाली होगा वहीं जीवित रहेगा। वैदिक प्रवक्ता गवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि आज परिषद का 48 वाँ स्थापना दिवस है सभी को आर्य समाज के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द के संदेश को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करना है युवा जागरण से ही राष्ट्र जागरण होगा। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि 3 जून 1978 में परिषद की स्थापना की थी तभी से युवा निर्माण का कार्य चल रहा है इस अभियान को और मजबूती से बढ़ाया जाएगा कार्यक्रम के अध्यक्ष दुर्गेश आर्य ने कहा कि 1982 में हम परिषद से जुड़े थे अनेको लोगों के जीवन बदल गये अनुशासन समय की मांग है,जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य महेन्द्र भाई ने किया। इस अवसर पर पिंकी आर्या, कमल आर्य, सौरभ गुप्ता, अरुण आर्य, यज्ञवीर चौहान, राजेश कुमारी, विमला ग्रोवर, मोहित आर्य, रितम आर्य, आस्था आर्या, सुरेश आर्य आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# आर्य युवा निर्माण शिविर का 6 वाँ दिन

**युवा राष्ट्र की नींव है– विमलेश बंसल** **राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका–अनिल आर्य**





नोएडा,वीरवार 4 जून 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में वैदिक प्रवक्ता विमलेश बंसल ने कहा कि युवा राष्ट्र की नींव है यदि नींव मजबूत होगी तो स्वतरू ही राष्ट्र मज़बूत होगा।आर्य समाज को युवा शक्ति को जोड़ने के लिए कार्य योजना देनी होगी। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे इसके लिए चरित्र वान संस्कारित युवा अवश्यक हैं उसी कार्य में परिषद 48 वर्ष से संलग्न है युवा ही देश की दशा व दिशा बदलेंगे। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने कहा कि शिविरों का जीवन में अत्यन्त महत्व है।ईशान इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ डी के गर्ग ने कहा कि मैनें भी शिविर में भाग लिया है और आज इस मुकाम पर पहुँचा हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा सलूजा ने की व महामंत्री महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया गायिका पिंकी आर्य के भजनो ने समा बाँध दिया। समाजसेवी शिव कुमार ग्रोवर अशोक त्यागी रमेश पावाह का अभिनंदन किया गया। प्रमुख रूप से रामकुमार सिंह, अरुण आर्य, सौरभ गुप्ता, कमल आर्य, विवेक अग्निहोत्री, गौरव झा, आस्था आर्य आदि उपस्थित थे।

**(पृष्ठ 1 का शेष)**

आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति के भाव स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। साथ ही मंच से अपने विचार व्यक्त करते समय उनकी सौम्यता और संस्कार भी परिलक्षित हो रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी ऐसे शिविरों में भाग लिया है और उनका अनुभव है कि यहां प्राप्त ज्ञान एवं संस्कार जीवन निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आनंद सिंह आर्य ने बच्चों से ईश्वरभक्त, मातृ–पितृभक्त, गुरुभक्त एवं राष्ट्रभक्त बनने का आह्वान किया। डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अरुण वर्मा ने परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष स्वतंत्र कुकरेजा ने कहा कि राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य चरित्रवान, संस्कारित एवं जागरूक युवा पीढ़ी पर ही निर्भर करता है। परिषद के जिला अध्यक्ष अजय आर्य, मंत्री रोशन आर्य एवं उपाध्यक्ष हरेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि केंद्रीय आर्य युवक परिषद वर्षभर देशभर में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन करती रहती है। वर्तमान ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विभिन्न राज्यों में लगभग 20 शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें हजारों छात्र–छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस शिविर के सफल आयोजन में अनिल आर्य, वेदमित्र आर्य,सावित्री कंबोज, पवन, रोहित,जोगिंदर, हार्दिक,उत्कर्ष, आदित्य, नीरू,सविता,रेणुका, नीतू वालिया, मनप्रीत, सपना, रवि किरण, सुमन, निशा, पूजा,प्रीति यादव, पूजा, सोनम का मुख्य योगदान रहा।

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् द्वारा 2020 से 789वां वेबिनार सम्पन्न

# आर्य समाज के छठे नियम पर गोष्ठी सम्पन्न



गाजियाबाद, बुधवार 10 जून 2026,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज के छठे नियम पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 789 वाँ वेबीनार था। वैदिक प्रवक्ता सुधीर बंसल ने बताया कि महर्षि दयानन्द ने 1875 में प्रथम आर्य समाज की स्थापना के समय 28 नियम बनाए थे,जिन्हें 1877 में लाहौर आर्य समाज की स्थापना के अवसर पर संक्षिप्त कर 10 नियमों के रूप में प्रस्तुत किया गया।उन्होंने आर्य समाज के छठवें नियमकृ"संसार का उपकार करना इस आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है,अर्थात् शारीरिक,आत्मिक एवं सामाजिक उन्नति करना"कृकी व्याख्या करते हुए कहा कि समाज सेवा का आधार स्वस्थ शरीर, आत्मिक उन्नति और सदाचार है। उन्होंने शुद्ध आहार–विहार, निष्काम कर्म,ईश्वर–प्रणिधान तथा समाज कल्याण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सभा की अध्यक्षता प्रवीण आर्य ने की। उन्होंने सदाचरण और ईश्वरीय गुणों को जीवन में अपनाने पर बल दिया,कार्यक्रम का कुशल संचालन परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा,जनक अरोड़ा, शोभा बत्रा, कमला हंस, राम देवी आदि ने मधुर भजन सुनाए।

# जम्मू में प्रांतीय आर्य युवक चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण शिविर का शुभारंभ




जम्मू, 8 जून। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जम्मू—कश्मीर द्वारा आर्य समाज जानीपुर कॉलोनी, जम्मू में प्रांतीय आर्य युवक चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष बब्बर ने ध्वजारोहण कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अरुण आर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर सभी आर्य युवाओं को सूर्य के तेज के समान अपने जीवन को प्रकाशवान करने का संदेश दिया। अपने उद्घाटन संबोधन में सुभाष बब्बर ने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से वैदिक सिद्धांतों को अपनाकर आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने अपने संदेश में कहा कि चरित्रवान एवं संस्कारित युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य युवाओं में वैदिक मूल्यों, नैतिकता, राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भावना का विकास करना है। ऐसे शिविर युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिविर की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। शिविर में लगभग 100 आर्य युवक एवं युवतियां भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को वैदिक संस्कार, व्यक्तित्व विकास, योग, शारीरिक प्रशिक्षण, बौद्धिक सत्र तथा विभिन्न प्रेरणादायक गतिविधियों के माध्यम से चरित्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर शिविर प्रबंधक कपिल बब्बर,अमित महाजन, प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता, शिक्षक गौरव सिंह, ऋतम आर्य, सोनिया रावत,निगम पार्षद सुनीता गुप्ता तथा ब्रजेश जी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं व्यवस्थाएं शिविर प्रबंधन समिति द्वारा सुचारु रूप से की गईं। उपस्थित सभी अतिथियों ने शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# आचार्य वीरेंद्र विक्रम व अरुण कुमार बहल का अभिनन्दन




एमिटी शिविर में वैदिक विद्वान आचार्य वीरेन्द्र विक्रम एवं द्वितीय चित्र मे आर्य नेता अरुण कुमार बहल का अभिनंदन करते अनिल आर्य कमल आर्य महेन्द्र भाई जी व अरुण आर्य




वैदिक विद्वान आचार्य गवेन्द्र शास्त्री व द्वितीय चित्र मे आर्य समाज अरुण विहार नोएडा के प्रधान कर्नल करण खरब का अभिनंदन करते अनिल आर्य, महेन्द्र भाई, प्रवीन आर्य, डॉ. जयेन्द्र आचार्य,

# फरीदाबाद में आर्य युवक शिविर सम्पन्न





रविवार 7 जून 2026,केन्द्रीय आर्य युवक फरीदाबाद के तत्वावधान में न्यू जान एफ कनेडी स्कूल पल्ला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य, श्री दास राम आर्य, डॉ गज राज सिंह, माता विमला ग्रोवर, स्वामी संकल्प नंद, मदन लाल तनेजा, पिंकी आर्य, रघुवीर शास्त्री ने आशीर्वाद दिया। जिला अध्यक्ष विद्या भूषण आर्य जितेंद्र सिंह आर्य वीरेंद्र योगाचार्य अशोक शास्त्री विजय भूषण आर्य सुधीर कपूर मूल चंद आर्य बधाई के पात्र हैं।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**, 2199/63,नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.** : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970